an>

Title: Need to initiate acquisition of land for construction of road along India-Nepal border in Sheohar Parliamentry Constituency, Bihar.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): नियम 377 के माध्यम से अनुरोध है कि भारत सरकार द्वारा भारत-नेपाल सीमा पर सड़क निर्माण करने का संकल्प लिया गया था। परंतु यूपीए सरकार के भूमि अधिग्रहण कानून के कारण सड़क निर्माण हेतु भूमि अधिग्रहण का काम तय समय-सीमा के अंदर नहीं हुआ। मेरे संसदीय क्षेत्र शिवहर के अंतर्गत घोडासहन - कुंडवा चैनपुर - फलवरिया - बैरगनिया - मसहा आजम - वंशी चाचा ढेंग पुल-मनियारी होते हुए बडहरवा, सुप्पी पूरबंड तक लगभग 50 किमी. लम्बी सड़क के निर्माण हेतु निविदा तो फाइनल हो गया परंतु भूमि अधिग्रहण नहीं होने से सीमा-सड़क निर्माण कार्य नहीं हो पाया है। नक्सलवाद पर अंकुश लगाने तथा नेपाल से अवांछित लोगों के आवागमन को रोकने में यह सड़क महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। स्थानीय क्षेत्र के आवागमन को बेहतर बनाने, राष्ट्रीय सुरक्षा तथा आंतरिक सुरक्षा के उद्देश्य से यह सड़क जल्द से जल्द निर्मित हो।

अतः अनुरोध है कि इस सीमा सड़क निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण का काम शीघ्र पूर्ण हो ताकि 50 किमी. लंबी यह सड़क निर्मित हो पाए।